an>

Title: Issue regarding interruption in the House.

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ANANTHKUMAR): With a very heavy heart, I want to say something in this august House.

कांग्रेस के सांसदों ने आज जो किया है, वह बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। वे सारे एक मुद्दे को उठाते हुए वैल में आ गए। उनका वैल में आना ही गलत था। कई बार हम सब ने आपके नेतृत्व में यह संकल्पना की है कि हम सदन में गतिरोध पैदा नहीं करेंगे और यह कि हम टोका-टोकी करेंगे, लेकिन रोका-रोकी नहीं करेंगे और वैल में नहीं आएंगे। वे वैल में आए और उन्होंने वहां खड़े होकर मॉक-प्रोसिडिंग्स चलाने की कोशिश की।

13.00 hours

एक के बाद एक कांग्रेस के वरिऐठ सांसद बोलने लगे और चेयर की अवहेलना करने की और चेयर की अवमानना करने की उन्होंने कोशिश की। इतना ही नहीं, इस सदन की विपक्षी पार्टी के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, जिनका बहुत ही लम्बा संसदीय अनुभव रहा है, उन्होंने आपकी अनुमति के बिना खड़े होकर पूरा भाऐाण पढ़ने और बोलने की कोशिश। इस तरह के कृत्यों की हम सब और यह पूरा सदन घोर निंदा करता है। मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि कांग्रेस पार्टी सालों-साल तक रूलिंग पार्टी रही है। पिछले 70 साल से इस संसद की कार्यवाही में भाग लेती रही है। इस तरह की मॉक प्रोसीडिंग के द्वारा मैडम स्पीकर और चेयर की अवमानना करने की हम सभी घोर निंदा करते हैं। मैं इतनी ही अपेक्षा करता हूं कि भगवान उनको सदबुद्धि दे, ताकि वे फिर से इस तरह की हरकतें न करें।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल को श्री अनन्तकुमार द्वारा उठाए गए विऐाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

The House stands adjourned to meet again at 2 pm.

13.02 hours

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.